**BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA**

**CLASS IV**

**ANSWER KEY HINDI ASSIGNMENT 3**

**I निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनें:-**

पुस्तकालय का अर्थ है पुस्तकें रखने का कक्ष। हर स्कूल और कॉलेज में पुस्तकालय होता है। पुस्तकालय में न केवल किताबें होती हैं, बल्कि अखबार, पत्र-पत्रिकाएँ, चार्ट आदि भी होते हैं। लोग पुस्तकालय में बैठकर मन-पसंद किताबें, अखबार और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। हमारे स्कूल में एक बड़ा पुस्तकालय है। उसमें हिंदी अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषाओं की हजारों पुस्तकें, शब्दकोष, मानचित्र आदि हैं। बीच में एक बड़ी मेज़ है। हम वहीं बैठकर किताबें और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ते हैं। बुधवार को हमारी पुस्तकालय की कक्षा होती है। हमारे अध्यापक भी हमारे साथ आते हैं। हमें तस्वीरों वाली कहानी की किताबें पढ़ने में मज़ा आता है।

1. पुस्तकालय में किस प्रकार की सामग्री होती है?

   ख) किताबें, अखबार, पत्र-पत्रिकाएँ और चार्ट

2. हमारे स्कूल के पुस्तकालय में किस प्रकार की पुस्तकें हैं?

   ख) हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत आदि भाषाओं की पुस्तकें

3. पुस्तकालय में बैठकर कौन-सी गतिविधि की जाती है?

   ग) किताबें और पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ना

4. पुस्तकालय की कक्षा किस दिन होती है?

   क) बुधवार

5. छात्रों को पुस्तकालय में किस प्रकार की किताबें पढ़ने में मज़ा आता है?

   ग) तस्वीरों वाली कहानी की किताबें

**II) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर वाक्य में लिखें:-**

क) पौष्टिक तत्वों की कमी से हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है?

उत्तर:- पौष्टिक तत्वों की कमी से हमारे शरीर में रोगों से लड़ने की ताकत कम हो जाती है।

ख) हीरा- मोती को काँजी हाउस में किसने बंद करवाया?

उत्तर:- हीरा- मोती को काँजी हाउस में खेत के रखवाले ने बंद करवाया।

ग) साफ- सफ़ाई रखने से क्या लाभ होगा?

उत्तर साफ- सफ़ाई रखने से रोगों से बचाव तो होगा ही साथ ही हम सबके प्रिय बनेंगे।

**III) खाली स्थान भरे:-**

क) स्वास्थ्य बड़ा अनमोल है।

ख) गयाप्रसाद बैलों को मोटे -मोटे रस्सों से बाँधता था।

**IV) विलोम शब्द लिखें:-**

क) कमज़ोर - ताकतवर ख) अपमान -सम्मान / मान

**V) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

क) जिसमें अधिक बल हो- बलवान

ख) स्फूर्ति देने वाला- स्फूर्तिदायक

**VI वाक्य पढ़कर (✓) या (×) निशान लगाइए-**

क) बच्चों को मिष्ठान्न भी खाने चाहिए। ( ✓ )

ख) साँड ने पहले मोती पर वार किया । ( × )

**VII) निम्नलिखित वाक्यों में कि/की लगाकर वाक्य पूरा करें-**

क) हीरा - मोती की हड्डियाँ निकल आई थीं।

ख) मोती ने कहा कि दीवार तोड़ दी जाए।

**VIII) नुक्ता लगाकर शब्द दोबारा लिखिए-**

क) मजबूत - मज़बूत ख) पिज्जा- पिज़्ज़ा

**IX) निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनें:-**

1. इकतीस और तैंतीस के बीच कौन-सी संख्या आती है?

क) तीस ख) बत्तीस ग) छत्तीस

2. चालीस से पहले कौन-सी संख्या आती है?

क) उनतालीस ख) अड़तीस ग) उनचास

3. पचास से पहले क्या आता है?

क)   अड़तालीस     ख) उनचास     ग) सैंतालीस

**X) वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए-**

क) कछुआ धीरे- धीरे चलता है ।

ख) बच्चों ने पेड़ से आम तोड़ें ।